## जिलाधिकारी, मुरादाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 27.08.2025 को आयोजित जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की डी0डब्लू0एस0एम0 बैठक/समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

भारत सरकार की अतिमहत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन, जिसके अन्तर्गत जनपद के समस्त ग्रामीण घरों को पाइप पेयजल योजना के माध्यम से क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओ के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को जनपद मुरादाबाद हेतु सूचीबद्ध किया गया है। उक्त फर्मो द्वारा कराये जा रहे कार्यो की जिलाधिकारी, मुरादाबाद की अध्यक्षता मे डी0डब्लू0एस0एम0 बैठक/समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, मुरादाबाद।
3. बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद।
4. अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिर्सोसेस/सिंचाई, मुरादाबाद।
5. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद।
6. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद।
7. जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद के प्रतिनिधि।
8. सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर/सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
9. श्री राजेश पटेल, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0।
10. श्री अरविन्द कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस प्रा0लि0।
11. श्री अतुल गोयल, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0।
12. श्री रमन यादव, डिस्ट्रिक्ट कोर्डीनेटर, डी0पी0एम0यू0

**बैठक की कार्यवाही निम्न प्रकार है :–**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जे0जे0एम0 फेस–2 एवं जे0जे0एम0 फेस–3 में कार्यरत्त फर्मो के कार्यों की फर्मवार समीक्षा की गयी। बैठक में फर्मो द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा की कार्यवाही बिन्दुवार निम्नानुसार है:–

1. <u>जल जीवन मिशन फेस–2 (एल0सी0 इन्फ्रा)</u>

i- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि फेस–2 के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति से अवगत कराये। तत्क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि फेस–2 के अन्तर्गत कुल 210 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाए फर्म को आवंटित है, जिनमें से विगत माह 115 नग पेयजल योजनाओं को हर घर करने एवं 52 नग पेयजल योजनाओं का संचालन प्रारम्भ करने की योजना थी, जिसके सापेक्ष 52 नग पेयजल योजनाओं हर घर जल की जा चुकी है तथा 17 नग पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन कार्य पूर्ण हो चुके है एवं शेष योजनाओं की कार्यवाही प्रगति पर है।

ii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि आपकी फर्म को आवंटित 210 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष कितने नग नलकूप बोरिंग, पम्प हाउस, उच्च जलाशय एवं पाइप लाइन बिछाने के कार्य पूर्ण कर लिये गये है। तत्क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि फेस–2 के अन्तर्गत कुल 210 नग पेयजल योजनाओं में से 206 नग नलकूप बोरिंग, 195 नग पम्प हाउस, 127 नग उच्च जलाशय तथा 95 प्रतिशत पाइप लाइन बिछाने के कार्य पूर्ण कर लिये गये है। शेष कार्य प्रगति पर है।

iii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि वर्तमान में कितनी पेयजल योजनओं में पेयजल आपूर्ति सुचारू है। तत्क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 142 नग पेयजल योजनाओं में पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जिसमें 188 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है। विगत माह 122 नग पेयजल योजनाओं में पेयजल आपूर्ति सुचारू थी, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुये कहा गया कि विगत माह आपके द्वारा 78 नग पेयजल योजनाओं में पेयजल आपूर्ति सुचारू करने हेतु आश्वासन दिया गया था परन्तु मात्र 20 नग

पेयजल योजनाओं में आपूर्ति सुचारू की गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया है कि 142 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में पेयजल आपूर्ति सुचारू रखते हुये अगामी माह की बैठक तक कुल 160 नग (142+18) पेयजल योजनाओं के अवशेष कार्यो को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर निरन्तर पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

iv- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि फेस–2 के अन्तर्गत सोलर आधारित एवं विद्युत आधारित कितनी योजनाऐं है तथा कितनें योजनाओं में सोलर अधिष्ठापन का कार्य तथा कितने में विद्युत संयोजन के कार्य पूर्ण हो गये है, तत्क्रम में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि 145 नग पेयजल योजनाऐं सोलर आधारित है तथा शेष योजनाए विद्युत आधारित है जिसके सापेक्ष 57 योजनाओं में विद्युत संयोजन का कार्य तथा 93 नग पेयजल योजनाओं में सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण हो चुका है। तत्क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर को कहा गया कि आपके द्वारा 8 नग योजनाओं के कार्य ओर कराये जा सकते थे, जो कि नहीं कराये गये है अवगत कराये कि वह योजनाऐं कौन–कौन सी है। जिसका फर्म के प्रोजैक्ट मेनेजर द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया है। तत्क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थिति जूनियर इंजीनियर से इस सम्बन्ध में जानकारी चाहीं गयी कि जिसके क्रम में श्री दुयष्त कुमार एवं विकास निगम, जूनियर इंजीनियर (एस0डब्ल्यू0एस0एम0) द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड बिलारी की बकैनिया चांदपुर योजना में पम्प हाउस के इलैक्ट्रिफिकेशन का कार्य एवं मल्हपुर जन्नू पेयजल योजना के अन्तर्गत पम्प हाउस से मेन लाइन को जोडने का कार्य शेष है। यदि फर्म द्वारा यह कार्य करा दिये जाये तो उक्त योजनाऐं चालू हो सकती है। तत्क्रम में प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया है कि योजनाओं पर मैटेरियल की सोर्टेज होने के कारण इलैक्ट्रिफिकेशन एवं पाइप लाइन जोडने का कार्य नहीं हो पाये है तथा उक्त योजनाओं पर शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ कराकर पेयजल आपूर्ति चालू कराने का आश्वासन दिया गया है।

v- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाहीं गयी है कि मानपुर दत्तराम, मौहम्मदपुर माफी, मोड़ी हजरत आदि पेयजल योजनाओं में आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों में रेडी टू स्टार्ट लिखा गया है जिन योजनाओं में पाइप लाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है फिर भी पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है, रोड रिनस्टेटमेन्ट की गुणवत्ता के सम्बन्ध में सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर अवगत करायें। कितनी योजनाओं में निरन्तर पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जिन योजनाओं में 70 से 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण है उनमें से आपके द्वारा कितने उच्च जलाशय के कार्य शुरू किये है। जिसके क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया है कि जिन योजनाओं में 70 से 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गये है उनमें 18 से 20 योजनाओं में उच्च जलाशय के कार्य प्रगति पर है, 32 उच्च जलाशयों के कार्य पूर्ण हो गये है उन समस्त योजनाओं में उच्च जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति हो रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित जूनियर इंजीनियर श्री राजीव कुमार से विकास खण्ड डिलारी के ग्राम सलेम सराय के कार्यो के सम्बन्ध में सूचना चाहीं गयी कि योजना पर काम चल रहा है या नहीं तत्क्रम में जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया है कि योजना में पाइप बिछाने एवं पेयजल गृह संयोजन का कार्य प्रगति पर है।

vi- जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित जूनियर इंजीनियर श्री राजीव कुमार से जानकारी चाही गयी कि आपके अधीन कितनी योजनाऐं है तथा कितनी में पानी की निरन्तर पेयजल आपूर्ति हो रही है एवं कितनी पर पेयजल आपूर्ति आगामी माह में प्रारम्भ होनी है। तत्क्रम में जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड डिलारी की 85 नग पेयजल योजनाऐं है जिनमें से 22 नग पेयजल योजनाओं पर पेयजल आपूर्ति सुचारू है। ग्राम जटपुरा एवं सलेमसराय में कार्य प्रगति पर है।

vii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाहीं गयी है कि मुखत्यारपुर नवादा, हुमायूँपुर, भीकमपुर असदलपुर, पडिया नगला मु0 में पेयजल आपूर्ति क्यो नही हो रही है, तत्क्रम में सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा मेनलाइन टेंक से कनेक्ट नहीं की गयी है, जिस कारण से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पायी है। तत्क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया गया एवं फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि उक्त योजनाओं में तत्काल मेन लाइन कनेक्ट करते हुये पेयजल आपूर्ति सुचारू करना सुनिश्चित करें।

viii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर से जानकारी चाहीं गयी कि कितनी ग्राम में सड़के टूटी है कितनी में गढ़डे व कीचड हो रहा है। प्रतिदिन ग्राम प्रधानों द्वारा खराब सड़को की शिकायत की

जाती है। सड़क पुर्नस्थापना के कायो की जांच कराने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि जिन–जिन ग्राम पंचायतों में सड़को की स्थिति खराब है जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित ग्राम प्रधान/ग्राम सचिवों से फोटो ग्राफ मंगवाये। अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि सड़क पुर्नस्थापना की सूचना सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर एवं फर्मो के माध्यम से एकत्रित कर, जिलाधिकारी महोदय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

2. <u>जल जीवन मिशन फेस–3 (एन0के0जी0 प्राइमस)</u>

i- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर श्री अरविन्द कुमार से जानकारी चाही गयी कि आप द्वारा कितनी परियोजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है एवं कितनी योजनाओं पर पेयजल आपूर्ति की जा रही है। तत्क्रम में प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 66 नग पेयजल योजनाओं में कार्य प्रगति पर है 85 नग पेयजल योजनाओं से पेयजल नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। 26 नग पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अत्याधिक रोष व्यक्त करते हुये कहा गया है कि 195 नग पेयजल योजनाओं में पेयजल आपूर्ति सुचारू होनी चाहिए थी। तत्क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि 85 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर निरन्तर पेयजल आपूर्ति जारी रखते हुये आगामी माह की बैठक तक कुल 150 नग (85+65) पेयजल योजनाओं के अवशेष कार्यो को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर निरन्तर पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

ii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर श्री अरविन्द कुमार से जानकारी चाही गयी कि आपकी कितनी योजनाए सोलर आधारित है तथा कितनी विद्युत आधारित है तथा कितनी योजनाओं में कार्य पूर्ण हो चुके है। तत्क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 331 नग पेयजल योजनाऐं सोलर आधारित एवं 62 नग पेयजल योजनाऐं विद्युत आधारित है। जिनमें से 2 नग पेयजल योजनाओं की धनराशि विद्युत विभाग में जमा की गयी है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर को अनेक बार निर्देशित करने के उपरान्त भी विद्युत संयोजन की धनराशि विद्युत विभाग में जमा नहीं की गयी है जिस कारण योजनाऐं क्रियाशील नहीं हो पा रही है।

iii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर से उच्च जलाशय के निर्माण की प्रगति की सूचना चाही गयी जिसके क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि जिन योजनाओं में जिंक एलम युक्त उच्च जलाशय प्रस्तावित है, उन योजनओं के उच्च जलाशय के डिजाइन को आर0सी0सी0 के उच्च जलाशय में संशोधित कराने के कारण कार्यो में विलम्ब हो रहा है। तत्क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को फटकार लगाते हुये निर्द्रेशित किया गया कि एस0डब्लू0एस0एम0 से स्वीकृत किये बिना किसी उच्च जलाशय के डिजाइन में संशोधन न कराया जायें। इस कार्य हेतु आपके द्वारा अनावश्यक रूप से उच्च जलाशय के निर्माण कार्य करने में विलम्ब किया जा रहा है जो कि अत्यन्त खेदजनक है।

iv- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर श्री अरविन्द कुमार से जानकारी चाही गयी कि योजनाओं के कार्यो हेतु आपकी कितनी टीम कार्यरत है, तत्क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 66 टीमें लगी है जिनमें से उच्च जलाशय के कार्यो हेतु 6 टीमें लगी है तथा सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो हेतु 20 टीमें लगी है एवं वितरण प्रणाली बिछाने हेतु 19 टीमें लगी है। वर्तमान में सड़क पुर्नस्थापना के कार्य विधान सभा बिलारी में प्रगति पर है। जिस पर अत्यन्त रोष व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि समस्त योजनाओं में टीमें लगाकर वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को के पुर्नस्थापना के कार्यो को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

v- जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर से जानकारी चाहीं गयी की भगतपुर टाण्डा की बैरखेड़ा चक, महेशपुर खेम, अटरिया, कोरबाकू एवं नकटपुरी कला में कोई कार्य चल रहा है, तत्क्रम में सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान में बैरखेड़ा चक, महेशपुर खेम कार्य प्रगति पर है, ग्राम अटरिया, कोरबाकू एवं नकटपुरी कला में कोई कार्य नहीं चल रहा है। सांसद आदर्श ग्राम कोरबाकू में मेन पाइप लाइन कनेक्ट नहीं की गयी है, कच्चा रोड है 250

एम0एम0 की लाइन डाली जानी है। फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क पर पानी भरा होने के कारण योजना की मेनलाइन कनेक्ट नहीं हो पा रही है, ततक्रम में जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि मार्ग पर कही पानी नही भरा है, प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा भ्रामक सूचना दी जा रही है। ततक्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जूनियर इंजीनियर को निर्देशित किया गया कि फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर के साथ संयुक्त निरीक्षण कर तत्काल कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें एवं सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर कार्यो के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

बैठक के अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त जूनियर इंजीनियरो को निर्देशित किया गया कि कार्यरत फर्मो के साथ सामंजस्य स्थापित कर, ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत जिन स्थानों पर सड़के बैठ गयी, उनमें गढ़डे एवं कीचड हो गयी है तथा जिन योजनाओं में बहुत कम कार्य शेष है उन योजनाओं से निरन्तर पेयजल आपूर्ति हेतु प्राथमिकता के आधार पर विकास खण्ड वार सड़क पुर्नस्थापना के कार्य एवं निरन्तर पेयजल आपूर्ति हेतु संयुक्त कार्य योजना तैयार कर अग्रिम 15 दिवस में सड़क पुर्नस्थापना के कार्य तथा निरन्तर पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष DWSM मुरादाबाद।

पृ0सं0 1999 डी6 / 56 दिनांक :– 12/9/2025

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रेषित :–**

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
4. मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
5. समस्त उपजिलाधिकारी महोदय, जनपद मुरादाबाद अन्तर्गत।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
7. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मुरादाबाद।
8. जिला विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
9. प्रभागीय वनाधिकारी, मुरादाबाद।
10. बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद।
11. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुरादाबाद।
12. अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिर्सोसेस/सिंचाई, मुरादाबाद।
13. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद।
14. जिला कृषि अधिकारी, मुरादाबाद।
15. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद।
16. जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद।
17. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
18. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63, बुद्धि विहार फेस–2 सेट मैरी स्कूल के पास, मुरादाबाद।
19. परियोजना हेड/निदेशक, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 मकान नं0 10/273 सैक्टर–10 फेस–2, एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी बिहार, मुरादाबाद–244001।
20. परियोजना प्रबन्धक, एजेन्सी मैसर्स आर0वी0 ऐसोसिएटस, आर्किटक्ट, इंजीनियर्स एण्ड कन्सल्टेन्स प्रा0लि0, टी0पी0आई0, मुरादाबाद क्लस्टर–14 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
21. डी0पी0एम0यू0 कार्यालय, मानसरोवर कालोनी, मुरादाबाद।

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष DWSM मुरादाबाद।